[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शुक्रवार, 12 जून 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 233, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

उन लोगों के अटल साहस से ज्यादा प्रभावशाली कुछ भी नहीं है, जो अपनी आजादी और सम्मान के लिए दुःख सहने और त्याग करने के लिए तैयार है।

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

बेडावल में 4 करोड़ रुपये ... 02

03 सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार ...

## खबर संक्षेप

**गींगला थाना परिसर में आज होगी जनसुनवाई**

### पुलिस अधीक्षक सुनेंगे आमजन की समस्याएं

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** जिले के गींगला थाना परिसर में आज शुक्रवार 12 जून 2026 को सायं 5 बजे जनसुनवाई कार्यक्रम




का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विशनाराम विश्नोई आमजन की समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सुनेंगे तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे। जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान सरकार एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्य, यूथ सीएलजी, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र एवं सुरक्षा सखी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था, जनसुरक्षा, सामाजिक समस्याओं एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर आमजन से संवाद किया जाएगा। प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव रखने की अपील की है, ताकि पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके तथा क्षेत्र में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### तनोट में 13 जून को होगी आईजी की जनसुनवाई

**जैसलमेर @ पदमावत मीडिया।** जोधपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस सत्येन्द्र सिंह 13 जून को सुबह 10 बजे पुलिस थाना तनोट में जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान वे सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा संबंधित मामलों के समाधान के निर्देश देंगे। महानिरीक्षक पुलिस भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र का भी दौरा करेंगे और सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों एवं अधिकारियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन करेंगे। पुलिस विभाग ने सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में जनसुनवाई में शामिल होकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखने की अपील की है।

### केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी आज से

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के तत्वावधान में केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को जिला पुस्तकालय सभागार, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में होगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन दोपहर 12 बजे जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद ने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न विकास कार्यों, जनहितकारी योजनाओं एवं सरकारी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी 13 जून तक आयोजित होगी तथा आमजन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक इसका अवलोकन कर सकेंगे। इसके माध्यम से नागरिकों को विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

### लसाड़िया में आज होगी जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला कलेक्टर मोहम्मद जुनेद पी.पी. की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम लसाड़िया पंचायत समिति क्षेत्र में रात्रि चौपाल आयोजित होगी। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर समाधान के निर्देश दिए जाएंगे। पेयजल, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मामलों पर विशेष सुनवाई की जाएगी।

## युवा शक्ति, निवेश, किसान समृद्धि और महिला सशक्तीकरण पर विशेष फोकस

# नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने रखा विकसित राजस्थान-2047 का रोडमैप

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली/जयपुर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित राजस्थान-2047 का रोडमैप प्रस्तुत करते हुए राज्य की उपलब्धियों, विकास दृष्टि और भावी कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता, सुशासन, नवाचार और समावेशी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा राजस्थान विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को केंद्र में रखकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। प्रदेश की 63 प्रतिशत युवा आबादी को विकास का प्रमुख आधार बनाते हुए रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**निवेश एवं औद्योगिक विकास को मिली नई गति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार ने 35 से अधिक नई नीतियां लागू की हैं। प्रदेश में 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश संबंधी एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं, जिनमें से 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। साथ ही 9 एमएमटीपीए क्षमता की आधुनिक रिफाइनरी राजस्थान के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2029 तक राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में राज्य की जीएसडीपी वृद्धि दर 10.24 प्रतिशत है, जो इस लक्ष्य की दिशा में सकारात्मक संकेत है।




**युवाओं के लिए अवसरों का विस्तार**

मुख्यमंत्री ने बताया कि माय भारत अभियान के तहत राजस्थान में 18 लाख से अधिक युवाओं का पंजीकरण हुआ है और राज्य इस मामले में देश में दूसरे स्थान पर है। राजस्थान कौशल नीति-2025, राजस्थान युवा नीति-2025 और राजस्थान रोजगार नीति-2026 के माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**कृषि और किसान कल्याण में अग्रणी राजस्थान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उत्पादक के साथ-साथ ऊर्जा उत्पादक और उद्यमी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 19 लाख बीमा पॉलिसियां जारी की गई हैं, जबकि पीएम-कुसुम योजना के तहत 723 मेगावाट क्षमता की 496 सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की गई हैं। इन दोनों क्षेत्रों में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

उन्होंने बताया कि पीएम धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, पाली, नागौर, जालौर, चूरू और जोधपुर जैसे मरुस्थलीय जिलों में दलहन, तिलहन और बागवानी फसलों के क्षेत्रफल एवं



उत्पादन में वृद्धि हुई है, जिससे किसानों की आय और कृषि उत्पादकता में सुधार हुआ है।

**महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लखपति दीदी और ड्रोन दीदी कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री पोषण योजना में राजस्थान लगातार दो वर्षों से देश में प्रथम स्थान पर रहा है, जबकि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में राज्य दूसरे स्थान पर है।

**सुशासन एवं जन शिकायत निवारण में नवाचार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज उन्नति प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब तक 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक लागत की 42 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की जा चुकी है। वहीं संपर्क पोर्टल के जरिए शिकायतों के निस्तारण की औसत अवधि 28 दिन से घटकर 14 दिन रह गई है तथा 98 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए राज्य सरकार लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है।

**ग्राम विकास और आकांक्षी क्षेत्रों पर विशेष फोकस**

मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्राम विकास चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर तक ग्राम विकास रथ भेजकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई गई, जिससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 2 करोड़ लोगों तक पहुंच बनाई गई।

उन्होंने कहा कि नीति आयोग की वर्ष 2025-26 की तृतीय तिमाही रैंकिंग में नीमराना ब्लॉक ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि दौसा जिले के रामगढ़ पचवारा और जैसलमेर जिले के फतेहगढ़ ब्लॉक ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

**पर्यावरण एवं जल संवर्धन के प्रभावी प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राज्य सरकार ने पांच वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अब तक लगभग 20 करोड़ पौधों का रोपण किया जा चुका है। जल संरक्षण अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और कई क्षेत्रों में भूजल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान युवा शक्ति, महिला सशक्तीकरण, कृषि समृद्धि, हरित ऊर्जा, तकनीकी नवाचार और सुशासन के समन्वित मॉडल के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकसित राजस्थान-2047 का संकल्प साकार होगा तथा राजस्थान विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## जिला कलेक्टर ने वॉल सिटी और झील क्षेत्रों का किया निरीक्षण, सीवरेज व्यवस्था पर सख्ती

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के साथ वॉल सिटी एवं झील किनारे क्षेत्रों का निरीक्षण कर सीवरेज व्यवस्था, झील संरक्षण और स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीवरेज चैंबरों में रसोई अपशिष्ट मिलने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान चांदपोल, गणगौर घाट, लाल घाट, नागा नगरी, ब्रह्मपोल सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। कलेक्टर ने कहा कि किचन अपशिष्ट के कारण सीवरेज लाइनें जाम होकर झीलों को प्रदूषित कर रही हैं। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि ग्रीस चैंबर नहीं लगाने वाले होटल एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सीजिंग की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने पिछोला झील के जल का सैंपल लेकर गुणवत्ता जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही नागा नगरी और सीसारमा पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण कर मानसून से पूर्व सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा।



पिछोला झील संरक्षण के लिए ड्रोन सर्वे कराने तथा अतिक्रमण एवं प्रदूषण स्त्रोतों की पहचान हेतु विशेष टीम गठित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा रानी रोड स्थित निमार्णाधीन फूड कोर्ट का निरीक्षण कर उद्यान क्षेत्र को सुरक्षित रखते हुए निर्माण कार्य करने को कहा।

## बेंच टेरेसिंग से नव विकसित कृषि भूमि को बनाया जाएगा उत्पादक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिला कलेक्टर मोहम्मद जुनैद पी.पी. ने झल्लारा क्षेत्र में जलग्रहण विभाग द्वारा किए गए बेंच टेरेसिंग कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं किसानों को मिलने वाले लाभों का जायजा लिया। इस दौरान लाभार्थी किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कलेक्टर ने जलग्रहण, कृषि एवं राजस्व विभाग को समन्वय स्थापित कर बेंच टेरेसिंग कार्यों की मॉनिटरिंग एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नव विकसित कृषि भूमि को



शीघ्र उत्पादक बनाकर लघु एवं सीमांत किसानों को अधिक लाभ पहुंचाया जाए तथा उन्नत फसलों के माध्यम से कृषि उत्पादन और आय बढ़ाई जाए। उन्होंने नव विकसित क्षेत्रों में बोई जाने वाली फसलों का रिकॉर्ड राजस्व अभिलेखों एवं गिरदावरी में दर्ज करने तथा संयुक्त आदेश का मसौदा आगामी सोमवार तक प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हरियाणा पुलिस के वांछित गैंगस्टर वेंकट गर्ग को जॉर्जिया से भारत लाया गया, सीबीआई और हरियाणा पुलिस की बड़ी सफलता

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय तथा हरियाणा पुलिस के समन्वय से वांछित अपराधी वेंकट गर्ग को जॉर्जिया से भारत प्रत्यर्पित कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी को 11 जून 2026 को जॉर्जिया से भारत लाया गया।



सीबीआई के अनुसार वेंकट गर्ग एक कुख्यात गैंगस्टर है, जिसके खिलाफ हरियाणा पुलिस में हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी वसूली, संगठित अपराध तथा अवैध हथियारों के उपयोग से जुड़े कई गंभीर मामले दर्ज हैं। जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन न्यायालय से जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए विदेश भाग गया।

हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) ने इंटरपोल के माध्यम से आरोपी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया। इसके बाद आरोपी की लोकेशन जॉर्जिया में चिन्हित की गई और वहां की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद भारतीय अधिकारियों द्वारा जॉर्जियाई प्रशासन के समक्ष प्रत्यर्पण का अनुरोध प्रस्तुत किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जॉर्जिया की अदालत एवं संबंधित अधिकारियों ने आरोपी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी प्रदान की।

प्रत्यर्पण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात हरियाणा पुलिस की विशेष एस्कॉर्ट टीम जॉर्जिया पहुंची, जहां आरोपी को विधिवत हरियाणा पुलिस के सुपुर्द किया गया। एस्कॉर्ट टीम आरोपी को लेकर 11 जून 2026 को नई दिल्ली पहुंची।

सीबीआई ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फरार अपराधियों की गिरफ्तारी एवं उन्हें भारत वापस लाने के लिए विभिन्न देशों की एजेंसियों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। वेंकट गर्ग का सफल प्रत्यर्पण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई हरियाणा पुलिस द्वारा की जाएगी।

## थाईलैंड से भारत लाया गया साइबर ठगी का वांछित आरोपी, सीबीआई की बड़ी सफलता

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय तथा थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास के समन्वय से साइबर ठगी के मामले में वांछित आरोपी गणेश बालासो काले को थाईलैंड से भारत वापस लाने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी को 10 जून 2026 को थाईलैंड से निर्वासित कर भारत लाया गया।

सीबीआई के अनुसार गणेश बालासो काले साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के एक बड़े नेटवर्क का संचालन कर रहा था। आरोपी ऑनलाइन पार्ट-टाइम नौकरी का झांसा देकर लोगों को निवेश के नाम पर रकम जमा करवाता था और बाद में उनके साथ धोखाधड़ी करता था। जांच में सामने आया कि वह कई लोगों को बैंक खातों के उपयोग के बदले कमीशन और ब्याज का लालच देकर अवैध धनराशि के लेन-देन में शामिल करता था तथा उन्हीं खातों के माध्यम से अनेक निर्दोष लोगों से ठगी की जाती थी।



जांच एजेंसियों के अनुसार आरोपी अपने सहयोगियों को मोबाइल फोन और फर्जी सिम कार्ड की व्यवस्था करने के निर्देश भी देता था, जिनका उपयोग साइबर अपराधों को अंजाम देने में किया जाता था।

आरोपी के विरुद्ध इंटरपोल की रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद उसकी लोकेशन थाईलैंड में चिन्हित की गई। थाई अधिकारियों ने 24 मई 2026 को बैंकॉक में उसे हिरासत में लिया था। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तथा भारतीय एवं थाई अधिकारियों के बीच समन्वय के बाद आरोपी को सफलतापूर्वक भारत निर्वासित किया गया।

सीबीआई ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस मई 2026 में जारी हुई थी और नोटिस जारी होने के लगभग 20 दिनों के भीतर ही उसे ढूंढकर गिरफ्तार कर भारत वापस लाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न एजेंसियों के प्रभावी समन्वय का उदाहरण है।

आरोपी 11 जून 2026 को मुंबई पहुंचा, जहां महाराष्ट्र पुलिस की साइबर सेल ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

सीबीआई ने बताया कि भारत में इंटरपोल के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के रूप में वह भारतपोल के माध्यम से विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फरार अपराधियों की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण की कार्रवाई करती है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से 160 से अधिक वांछित अपराधियों को भारत वापस लाया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### नए आयकर अधिनियम पर मंथन के लिए उदयपुर में जुटेंगे देशभर के सीए

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की उदयपुर शाखा एवं डायरेक्ट टैक्स कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 12 एवं 13 जून को उदयपुर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डायरेक्ट टैक्स-2026 का आयोजन होगा। सम्मेलन में देशभर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कर सलाहकार, अधिवक्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि एवं आयकर विभाग के अधिकारी भाग लेंगे। शाखा अध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत ने बताया कि सम्मेलन में नए आयकर अधिनियम-2025, टैक्स प्लानिंग, री-असेसमेंट, अघोषित आय, ट्रस्ट टैक्सेशन, सर्च एंड सीजर तथा सक्सेशन प्लानिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। देश के ख्यातिप्राप्त कर विशेषज्ञ विभिन्न तकनीकी सत्रों को संबोधित करेंगे। मीडिया प्रभारी सीए हिमांशु लोढ़ा ने बताया कि सम्मेलन कराधान क्षेत्र के पेशेवरों को नवीनतम कानूनी प्रावधानों, न्यायिक निर्णयों एवं व्यावहारिक चुनौतियों की जानकारी प्रदान करेगा। प्रस्तावित नए आयकर अधिनियम के परिप्रेक्ष्य में इसे प्रत्यक्ष कर क्षेत्र के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजनों में माना जा रहा है।

### केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी आज से

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के का आयोजन 12 से 14 जून तक सूचना केन्द्र में किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शनी आमजन के लिए प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुली रहेगी। प्रदर्शनी का शुभारंभ आज सुबह 11 बजे किया जाएगा। प्रदर्शनी में केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों को आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा। आमजन को विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी आज से

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 14 जून तक सूचना केंद्र परिसर में तीन दिवसीय विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार सुबह 11 बजे प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा करेंगे। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के थीम पर आयोजित प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, विकास परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं एवं विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को चित्रों, फ्लेक्स एवं सूचना सामग्री के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

### स्माईल योजना के प्रस्ताव जमा कराने की अंतिम तिथि 15 जून तक बढ़ी

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने केंद्र सरकार की स्माईल योजना के तहत भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं से प्रस्ताव जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जून 2026 कर दी है। संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि इच्छुक संस्थाएं निर्धारित तिथि तक प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकती हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं विभाग कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

#### वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा-2024:

### अंग्रेजी विषय की मुख्य सूची जारी

**अजमेर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के अंग्रेजी विषय की मुख्य सूची जारी कर दी है। पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के बाद विज्ञापित पदों के विरुद्ध 262 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिला सड़क सुरक्षा समिति के तत्वावधान में 12 जून को जिला परिवहन कार्यालय सलूंबर में वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित शिविर में आंखों की जांच के साथ आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा।

## जनजातीय आश्रम छात्रावास भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

# बेडावल में 4 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास, जनजातीय क्षेत्र को मिलेगी नई विकास गति

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com








**सलूंबर ।** धरियावद विधानसभा क्षेत्र की लसाड़िया तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बेडावल में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा सहित जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से जनजातीय आश्रम छात्रावास भवन निर्माण कार्य तथा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। कुल 4 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों से क्षेत्र के विद्यार्थियों, युवाओं एवं ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा जनजातीय अंचल के विकास को नई गति मिलेगी।

जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जनजातीय आश्रम छात्रावास के निर्माण से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा तथा उन्हें आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त होंगे।

सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विकास कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, जिससे आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।

भाजपा नेता कन्हैयालाल मीणा ने कहा कि बेडावल सहित संपूर्ण जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा, सड़क, पेयजल और आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण प्राथमिकता में शामिल है। जनजातीय आश्रम छात्रावास का निर्माण क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और विकास की नई संभावनाओं को बल मिलेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख शांतिलाल मेघवाल, उपप्रधान धनराज पटेल, मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह झाला, एसटी मोर्चा अध्यक्ष पूंजीलाल मीणा, लालूराम मीणा, उदयलाल मीणा, सोहन मीणा, नाथूलाल मीणा कालिभीत, विरम मीणा, नाथूलाल मीणा देवलिया, लिम्बाराम मीणा, पंचायत समिति सदस्य धनराज मीणा, शंकर मीणा शोभजी गुड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बेडावल में हुए इन विकास कार्यों के शिलान्यास को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। जनजातीय आश्रम छात्रावास एवं अन्य विकास कार्यों के पूर्ण होने से शिक्षा, सामाजिक विकास और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक सुधार होगा तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

## पुलिस थाना कानोड़ की बड़ी कार्रवाई: अवैध पिस्टल, 02 मैगजीन व कारतूस जब्त, आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** जिले के पुलिस थाना कानोड़ ने अवैध हथियारों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल, दो मैगजीन, दो जिंदा कारतूस एवं दो कारतूस के खोल बरामद किए हैं। मामले में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन द्वारा अवैध हथियारों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल तथा वृताधिकारी वल्लभनगर रामकुमार भादु के सुपरविजन में थानाधिकारी हुकम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय पुत्र दिनेश निवासी कानोड़ के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल, दो मैगजीन, दो जिंदा कारतूस एवं दो कारतूस के खोल बरामद किए गए। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण संख्या 60/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी संजय के बड़े भाई नितेश पर कुछ दिन पूर्व भीण्डर क्षेत्र में अमर नामक व्यक्ति द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। इसी रंजिश के चलते आरोपी संजय ने अमर से बदला लेने और उसकी हत्या करने की नीयत से कोटा निवासी दीपक से अवैध पिस्टल, मैगजीन एवं कारतूस खरीदे थे। अमर के वर्तमान में जेल में बंद होने के कारण आरोपी उसकी रिहाई का इंतजार कर रहा था और वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन कानोड़ पुलिस की सतर्कता से उसकी योजना विफल हो गई।

**गिरफ्तार आरोपी:** संजय पुत्र दिनेश, निवासी कानोड़, जिला उदयपुर।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी हुकम सिंह, सहायक उप निरीक्षक भोपाल सिंह, हेड कांस्टेबल हनुमानाराम, कांस्टेबल ओमप्रकाश, चेतनप्रकाश, दशरथ, श्रवण, सुनील, खेमाराम एवं देवी सिंह तथा महिला कांस्टेबल मीरा और भगवत कंवर शामिल थे।

## मुंबई में विहिरियों के पुनर्जीवन पर जोर, गड्ढों की शिकायतों का 24 घंटे में निस्तारण करने के निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मुंबई।** महानगरपालिका आयुक्त अश्विनी भिडे ने मुंबई में संभावित जल संकट को देखते हुए सभी सार्वजनिक, सरकारी एवं निजी विहिरियों (कुओं) के पुनर्जीवन पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने निर्देश दिए कि विहिरियों की तत्काल जांच कर उनमें जमा गाद एवं कचरा हटाया जाए तथा वर्षा जल पुनर्भरण की व्यवस्था विकसित की जाए। महानगरपालिका मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त ने कहा कि बांधों में जल भंडारण कम होने और मानसून में देरी की संभावना को देखते हुए पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने गृहनिर्माण संस्थाओं को विहिरियों के पानी के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने बारिश के दौरान सड़क गड्ढों संबंधी शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जिन सड़कों का सीमेंट कंक्रीटीकरण कार्य पूरा हो चुका है, वहां से निर्माण सामग्री, मलबा और बैरिकेड्स तुरंत हटाने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यक सुधार कार्य करने, अवैध पार्किंग रोकने तथा स्कूलों और अस्पतालों के आसपास यातायात सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। नाले सफाई कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि बड़े नालों से 112 प्रतिशत, छोटे नालों से 115 प्रतिशत तथा मिठी नदी से लगभग 84 प्रतिशत गाद निकाली जा चुकी है। आयुक्त ने शेष कार्य शीघ्र पूरा करने और मानसून के दौरान भी नाले सफाई अभियान जारी रखने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों में नागरिक चेतना विकसित करने पर जोर देते हुए स्वच्छता, यातायात नियमों, पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक संपत्ति के प्रति जिम्मेदारी की जानकारी देने हेतु मार्गदर्शन पुस्तिका तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में महानगरपालिका सेवाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग को बढ़ावा देने तथा अधिकारियों, कर्मचारियों, अभियंताओं और चिकित्सकों के लिए डिजिटल एवं एआई आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने पर भी जोर दिया गया।

## डी.एस.टी. व पुलिस थाना पाटिया की बड़ी कार्रवाई: 77 कार्टून अंग्रेजी शराब व बीयर जब्त, 02 कार जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**उदयपुर ।** जिले के पुलिस थाना पाटिया एवं डी.एस.टी. टीम ने अवैध शराब परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 77 कार्टून अंग्रेजी शराब एवं बीयर, परिवहन में प्रयुक्त दो कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल तथा वृत्ताधिकारी ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में पुलिस थाना पाटिया एवं डी.एस.टी. टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की।

पुलिस की प्रथम कार्रवाई में गांव गुड़ा स्थित एक रिहायशी मकान तथा मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार नम्बर आरजे 27 सीक्यू 0322 से 18 कार्टून अंग्रेजी शराब एवं 54 कार्टून बीयर बरामद कर जब्त की गई। मौके से आरोपी तरुण कुमार पुत्र लालशंकर, उम्र 23 वर्ष, निवासी गुड़ा, थाना पाटिया को गिरफ्तार किया गया।

वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने एक बिना नम्बर की मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार से अवैध रूप से परिवहन की जा रही करीब 5 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर कार सहित जब्त की। कार्रवाई के दौरान वाहन चालक एवं उसका साथी जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत करीब 5 लाख रुपये तथा जब्त दोनों वाहनों की कीमत करीब 8 लाख रुपये है। इस प्रकार कुल लगभग 13 लाख रुपये का माल मशरूका जब्त किया गया है।

गिरफ्तार आरोपीः तरुण कुमार पुत्र लालशंकर, उम्र 23 वर्ष, निवासी गुड़ा, पुलिस थाना पाटिया, जिला उदयपुर।

## वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से राजस्थान के औद्योगिक विकास को मिलेगी नई रफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) के माध्यम से राजस्थान में औद्योगिक विकास और माल परिवहन को नई गति मिल रही है। जेएनपीटी से दादरी तक 1,506 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर का लगभग 39 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान से होकर गुजरता है, जिससे प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों से बेहतर कनेक्टिविटी मिल रही है।

सीकर, रींगस, फुलेरा, ब्यावर और सिरोही से गुजर रहे इस कॉरिडोर से उद्योग, व्यापार और कृषि क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा। हाल ही में अजमेर के सराधना में 1.5 मिलियन टन वार्षिक क्षमता वाले गतिशक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ हुआ है, जिससे मार्बल, ग्रेनाइट और खनिज उत्पादों का परिवहन अधिक तेज और किफायती होगा।

कॉरिडोर की विशेष रेल-पर-ट्रक (टीओटी) सेवा से माल परिवहन की लागत कम होगी, डीजल की बचत होगी और सड़क यातायात पर दबाव घटेगा। किसानों को भी अपनी उपज कम समय में दूरस्थ बाजारों तक पहुंचाने का लाभ मिलेगा।

1.24 लाख करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस परियोजना में 1,500 मीटर लंबी मालगाड़ियां संचालित की जा सकेंगी तथा ट्रेनों की औसत गति 25 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़कर 65 किलोमीटर प्रति घंटा हो जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार यह कॉरिडोर राजस्थान में निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


## आज से ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शुरू होंगे ग्रामीण सेवा शिविर




**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निदेशानुसार 12 जून से 15 जुलाई तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा तथा आपसी सहमति से रास्तों के विवादों का निस्तारण भी किया जाएगा। शिविरों की तैयारियों को लेकर कलेक्टर देशलदान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग पूर्व तैयारी के साथ शिविरों में उपस्थित रहें और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने शिविर स्थलों पर पेयजल, छाया एवं बैठने जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। ग्रामीण सेवा शिविरों में राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, वन, परिवहन सहित 22 विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में कार्यवाहक अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## हरे कृष्ण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिवस सम्पन्न

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** भूपालपुरा स्थित हरे कृष्ण मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में कथा श्रवण किया। कथा व्यास मैत्रेय दास ने पंचम एवं षष्ठम स्कंध का वर्णन करते हुए अजामिल के उद्धार, भगवान के पवित्र नाम की महिमा तथा जड़ भरत की प्रेरणादायी कथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान के पवित्र नाम में असीम शक्ति है। अजामिल का जीवन इस बात का प्रमाण है कि अंतिम समय में भी भगवान का स्मरण मनुष्य के उद्धार का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। कथा के दौरान कर्मों के महत्व एवं उनके परिणामों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जड़ भरत की कथा के माध्यम से वैराग्य, आत्मज्ञान और भक्ति की महत्ता बताते हुए कहा गया कि सच्ची प्रगति आत्मिक चेतना के विकास में निहित है। कथा के अंत में श्रद्धालुओं को नियमित नाम-जप, सत्संग और श्रीमद्भागवत श्रवण का संकल्प दिलाया गया। कथा के पश्चात हरिनाम संकीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ।

## खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री का नई दिल्ली दौरा

### मुख्यमंत्री की केन्द्रीय गृह मंत्री से शिष्टाचार भेंट



नई दिल्ली/ जयपुर @ पदमावत मीडिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विकास को लेकर गृह मंत्री से बातचीत की। साथ ही, विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति पर मंथन भी किया।

### प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025 शांतिपूर्ण सम्पन्न

जयपुर @ पदमावत मीडिया। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राध्यापक, प्राध्यापक (कृषि) एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025 के अंतर्गत गुरुवार को जयपुर जिले में शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुईं। परीक्षा के सामान्य ज्ञान एवं विषय विशेष दोनों प्रश्नपत्रों में 58 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर (पूर्व) नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम पारी में आयोजित सामान्य ज्ञान (शारीरिक शिक्षा) प्रश्नपत्र के लिए 3,261 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,937 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। परीक्षा में 59.40 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। इसी प्रकार द्वितीय पारी में आयोजित शारीरिक शिक्षा विषय विशेष प्रश्नपत्र के लिए भी 3,261 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,919 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस प्रश्नपत्र में 58.85 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। नियुक्त अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों ने आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराई। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से परीक्षा का सफल संचालन हुआ तथा किसी भी केंद्र से किसी प्रकार की अप्रिय घटना या अव्यवस्था की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

### आज से शुरू होंगे शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में 12 जून से 15 जुलाई तक शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शिविरों में आमजन को विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी तथा प्राप्त आवेदनों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि पहले दिन जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविर आयोजित होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व सहित 21 विभागों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जबकि शहरी सेवा शिविरों का संचालन स्वायत्त शासन विभाग द्वारा किया जाएगा। उदयपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में भी 12 से 15 जून तक विशेष शहरी सेवा शिविर आयोजित होंगे। इनमें भू-रूपांतरण, भू-उपयोग परिवर्तन, पट्टा, नामांतरण, भवन निर्माण अनुमति, लीज संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों का निस्तारण किया जाएगा। साथ ही सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट, पार्कों के रखरखाव तथा आवासीय योजनाओं से जुड़े मामलों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक बैठक 22 जून को

भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक बैठक जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में 22 जून को सायं 4 बजे आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अधीक्षण अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन ने दी।

सहायक आचार्य परीक्षा-2024

### सर्जिकल ऑनकोलॉजी और यूरोलॉजी की विचारित सूची जारी

अजमेर @ पदमावत मीडिया। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के सर्जिकल ऑनकोलॉजी एवं यूरोलॉजी विषय की विचारित सूची जारी की है। दोनों विषयों में 16-16 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए अस्थायी रूप से शामिल किया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह सूची केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से जारी की गई है, इसे साक्षात्कार हेतु अंतिम चयन सूची नहीं माना जाएगा। सूची में शामिल अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र की दो प्रतियां 21 जून 2026 शाम 6 बजे तक आयोग कार्यालय में जमा करानी होंगी।

प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्थाओं का लिया जायजा, जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश

# सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार गठित विशेष जांच दल ने किया प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**बालोतरा।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार जोजड़ी-बांडी-लूणी नदी प्रणाली में औद्योगिक प्रदूषण की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बालोतरा जिले का दौरा कर प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों, अपशिष्ट जल निस्तारण व्यवस्थाओं एवं औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रदूषण फैलाने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक बालोतरा रमेश आईपीएस ने बताया कि एसआईटी अध्यक्ष लवली कटियार आईपीएस, देवेन्द्र कुमार विश्नोई आईपीएस एवं पंकज यादव आईपीएस ने बिठूजा एवं बालोतरा स्थित कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी), एचआरटीसी परिसर, लूणी नदी क्षेत्र तथा खेड रोड स्थित प्लांट का निरीक्षण कर अपशिष्ट जल एवं स्लज निस्तारण की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। टीम ने आरओ प्लांट एवं जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्रणाली की कार्यप्रणाली की भी जानकारी प्राप्त की।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदूषण संबंधी प्रकरणों की प्रगति, उपलब्ध साक्ष्यों एवं अनुसंधान की स्थिति पर चर्चा की गई। एसआईटी ने लूणी नदी, नालों एवं अन्य जल स्रोतों में रासायनिक अपशिष्ट छोड़ने वालों तथा अवैध रूप से रासायनिक कचरा डंप करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही जिम्मेदार व्यक्तियों एवं संस्थानों की पहचान कर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

एसआईटी ने डोली एवं अराबा गांवों सहित प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बालोतरा पुलिस द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में एसआईटी को आवश्यक सहयोग एवं समन्वय उपलब्ध कराया जा रहा है।

## पुरोहितों की मादड़ी में टूटा गटर बना हादसों का कारण, एक वर्ष से समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** शहर के पुरोहितों की मादड़ी क्षेत्र में रोड नम्बर 4 स्थित दूदाजी के देवरे वाली मुख्य सड़क पर टूटा हुआ गटर और जर्जर सड़क क्षेत्रवासियों के लिए लगातार परेशानी का कारण बना हुआ है। पिछले करीब एक वर्ष से गटर क्षतिग्रस्त होने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आए दिन राहगीर एवं वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय निवासी हितेश व्यास ने बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। सड़क के बीच बने बड़े नाले पर लगे गटर पूरी तरह टूट चुके हैं, जिससे गली में प्रवेश करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर मोड़ होने के कारण वाहन चालकों को टूटा हिस्सा दिखाई नहीं देता और कई बार दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोकर नाले में गिर जाते हैं।

क्षेत्रवासियों के अनुसार दूदाजी के देवरे वाली गली में जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित नाले के ऊपर लगे गटर लंबे समय से क्षतिग्रस्त हैं। सड़क भी कई स्थानों पर टूट चुकी है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि टूटे हुए हिस्सों में पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और वाहन चालक हादसों का शिकार हो जाते हैं।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि करीब चार माह पूर्व बड़े नाले के निर्माण कार्य के दौरान मुख्य सड़क को खोदा गया था, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। परिणामस्वरूप सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त हो गई है तथा आवागमन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मुख्य मार्ग से प्रतिदिन करीब 4 हजार से अधिक लोगों का आवागमन होता है। स्कूल जाने वाले विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी एवं क्षेत्रवासी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। टूटे गटर के कारण कई बार दोपहिया और चारपहिया वाहनों के टायर फंस जाते हैं, जिससे वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सड़क और गटर की मरम्मत नहीं कराई गई तो संबंधित विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से क्षतिग्रस्त गटर को बदला जाए तथा सड़क की मरम्मत कर आवागमन को सुरक्षित बनाया जाए।

## हकीम खां सूर प्रांगण में साहित्यिक संगोष्ठी आयोजित, महाराणा प्रताप के आदर्शों को किया याद



उदयपुर @ पदमावत मीडिया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के उपलक्ष्य में मेवाड़ क्षेत्रीय महासभा के सात दिवसीय कार्यक्रमों के तहत गुरुवार को मोतीमगरी स्थित वीर सेनापति हकीम खां सूर प्रांगण में साहित्यिक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन मेवाड़ मुस्लिम समाज, प्रताप-हकीम-पूंजा मित्र संघ एवं उदयपुर विकास संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। संगोष्ठी में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप एवं हकीम खां सूर की वीरता, मित्रता और राष्ट्र समर्पण पर विचार व्यक्त किए। कवियों एवं शायरों ने देशभक्ति, मेवाड़ की गौरवशाली परंपरा तथा सामाजिक सौहार्द पर आधारित रचनाओं की प्रस्तुति दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में सतीश शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप ने सभी समाजों को साथ लेकर एकता और स्वाभिमान का जो संदेश दिया, उसे आज के समय में आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर सामाजिक सद्भाव एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन मुश्ताक चंचल ने किया तथा हिदायत तुल्ला ने आभार व्यक्त किया।

## इंदौर के डायल-112 जवानों ने भटकी 4 वर्षीय बालिका को परिजनों से मिलाया




इंदौर @ पदमावत मीडिया। थाना चंदन नगर क्षेत्र में डायल-112 जवानों की तत्परता और संवेदनशीलता से घर का रास्ता भटक गई 4 वर्षीय बालिका को सुरक्षित उसके परिजनों से मिला दिया गया। राजनगर स्थित सांवरिया टेंट हाउस के पास एक बालिका के अकेले मिलने की सूचना पर डायल-112 वाहन मौके पर पहुंचा। आरक्षक विपिन रघुवंशी, आरक्षक अनिल एवं पायलट पंकज पांडे ने बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लेकर परिजनों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन कम आयु होने के कारण वह कोई जानकारी नहीं दे सकी। इसके बाद डायल-112 टीम ने आसपास क्षेत्र में तलाश और पूछताछ शुरू की। इसी दौरान बालिका के परिजन उसे खोजते हुए मिल गए। आवश्यक सत्यापन के बाद बालिका को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से बालिका सकुशल अपने परिवार तक पहुंच सकी। पुलिस ने कहा कि डायल-112 सेवा आपात स्थितियों के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं के साथ आमजन की सहायता के लिए भी लगातार कार्य कर रही है।

### जिला स्तरीय युवा संबल मेला का आयोजन 23 जून को

भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव कौशल रोजगार उद्यमिता विभाग द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में 23 जून को जिला स्तरीय युवा संबल मेला प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक ग्रामीण हॉट बाजार में आयोजित किया जायेगा।

जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार युवा संबल मेला 2026 के आयोजन के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए रोजगार कार्यालय उपनिदेशक श्री मुकेश गुर्जर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# ब्रह्म-कर्म संस्कार शिविर का समापन, बच्चों ने सीखे ज्योतिष एवं पूजा-विधि के संस्कार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** विप्र फाउंडेशन एवं औदिच्य समाज बड़गांव के संयुक्त तत्वावधान में श्री हनुमान मंदिर प्रांगण, बड़गांव में आयोजित 15 दिवसीय निःशुल्क ब्रह्म-कर्म संस्कार शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कृति, वैदिक परंपराओं, ज्योतिष, संस्कारों एवं पूजा-पद्धति का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र पालीवाल ने कहा कि ऐसे शिविर युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। शिविर प्रभारी सूर्य प्रकाश ने बताया कि प्रतिभागियों को ज्योतिष शास्त्र की मूलभूत जानकारी, संस्कारों की उपयोगिता तथा धार्मिक अनुष्ठानों की विधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। व्यवस्थापक केशवलाल व्यास ने बताया कि शिविर में प्रशिक्षक पंडित ख्यालीलाल जोशी, पंडित सूर्य प्रकाश श्रीमाली, पंडित मेहुल भट्ट, दिलीप शर्मा एवं रेखा मोड़ ने बच्चों को जन्मकुंडली, ग्रह-नक्षत्र, यज्ञ, संध्या-वंदन, मंत्रोच्चार तथा धार्मिक आचरण से संबंधित विषयों की जानकारी दी। समापन अवसर पर अतिथियों ने बच्चों के अनुशासन एवं सीखने की लगन की सराहना करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति के संरक्षण में योगदान देने का संदेश दिया। औदिच्य समाज बड़गांव कुटुंब अध्यक्ष नारायणलाल व्यास ने सभी अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में अनुपस्थित बीएलओ पर होगी कार्रवाई



मुंबई @ पदमावत मीडिया। मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान में नियुक्त होकर भी कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के विरुद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्णय मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में लिया गया। अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 13 और 14 जून को बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने 7,300 कर्मचारियों को बीएलओ के रूप में नियुक्त किया है, लेकिन बड़ी संख्या में कर्मचारी अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं कर पाए हैं। ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## खेत बचाओ अभियान के तहत केसीसी शिविर आयोजित, किसानों को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**प्रतापगढ़।** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति राजस्थान के निर्देशानुसार संचालित खेत बचाओ अभियान के तहत ग्राम पंचायत अवलेश्वर एवं कुनी में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) सैचुरेशन शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में किसानों को संस्थागत ऋण, बैंकिंग सेवाओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अवलेश्वर में आयोजित शिविर में अग्रणी जिला प्रबंधक परेश नाथ बनर्जी ने किसानों से साहूकारों से ऋण लेने के बजाय बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को रियायती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है तथा समय पर भुगतान करने पर ब्याज अनुदान का लाभ भी मिलता है। शिविर में किसानों को सिबिल स्कोर, फसल बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की जानकारी भी दी गई। अभियान के तहत पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ग्राम पंचायत कुनी में भी जागरूकता शिविर आयोजित कर किसानों को कृषि ऋण एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिले में जून माह के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में ऐसे शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

## जयपुर में आज भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला शुक्रवार को सवाई मान सिंह (एसएमएस) इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगी। कार्यशाला में प्रदेशभर से हजारों किसान एवं कृषि विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर तथा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी किसानों को संबोधित करेंगे। कैलाश चौधरी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना तथा कम लागत में अधिक उत्पादन की तकनीकों की जानकारी देना है। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के सफल मॉडल, जैविक संसाधनों के उपयोग और किसानों की समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा होगी। भाजपा किसान मोर्चा के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों से बड़ी संख्या में किसान कार्यशाला में भाग लेने जयपुर पहुंच रहे हैं। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## सलूंबर में जल बजटिंग पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



सलूंबर @ पदमावत मीडिया। जिला प्रशासन एवं मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जल बजटिंग विषय पर ब्लॉक रिसोर्स ग्रुप (बीआरजी) का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं सिविल सोसायटी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत स्तर पर जल बजट तैयार करने, जल संसाधनों के आकलन, भूजल संरक्षण एवं जल प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अधीक्षण अभियंता रतन सिंह भाटी ने किया। विशेषज्ञों ने जल बजटिंग की अवधारणा एवं इसके व्यावहारिक उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षित बीआरजी सदस्यों के माध्यम से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जल बजट तैयार किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

# 400 करोड़ की ब्लॉकबस्टर ठुकरा बैठे वरुण धवन



## नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म में कंगना संग बनने वाली थी जोड़ी

एक्टर्स अक्सर उन फिल्मों को याद करते हैं जिन्हें उन्होंने कभी मना कर दिया था, और सोचते हैं कि अगर हां कर दी होती तो क्या होता। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन ने हाल ही में ऐसी ही एक फिल्म के बारे में बात की, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था, जो बाद में एक बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। इन दिनों वरुण धवन अपने पिता डेविड धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आ रहे हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। हाल ही में तन्मय भट्ट के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान वरुण ने खुलासा किया कि उन्होंने एक ऐसी फिल्म को मना कर दिया था, जो बाद में क्रिटिकली और कमर्शियल दोनों तरह से बड़ी हिट साबित हुई।

### इस सुपरहिट फिल्म को कर दिया था रिजेक्ट

जब उनसे पूछा गया कि क्या कोई ऐसी फिल्म है जिसे उन्होंने मना किया और बाद में पछतावा हुआ, तो वरुण ने कहा, 'मुझे लगता है मैंने एक अच्छी फिल्म को मना कर दिया था, जो बाद में बहुत बड़ी फिल्म बन गई- 'अंधाधुन'। उस समय मैं किसी और फिल्म की शूटिंग कर रहा था, इसलिए मैं उसे नहीं कर पाया। और उस फिल्म की ओरिजिनल कास्ट में मैं और कंगना रनौत थे।'

अभिनेत्री नियति फातनानी का खुलासा

# 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रोमो के बाद हुई थी ट्रोलिंग



अभिनेत्री नियति फातनानी ने कहा है कि रियलिटी शो के दौर में कई बार मशहूर हस्तियों की बातों को संदर्भ से अलग करके देखा और परखा जाता है। आईएएनएस से विशेष बातचीत में फातनानी ने 'खतरों के खिलाड़ी' के दौरान अपने अनुभव का जिक्र करते हुए बताया कि एक प्रोमो जारी होने के बाद उन्हें काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। हालांकि, पूरा एपिसोड प्रसारित होने के बाद लोगों को वास्तविक स्थिति समझ में आई और उन्होंने उनका समर्थन किया। फातनानी से पूछा गया, 'रियलिटी शो के बाद अक्सर एडिट किए गए क्लिप वायरल हो जाते हैं और विवाद खड़े कर देते हैं। क्या आपको लगता है कि कभी-कभी मशहूर हस्तियों की बातों को संदर्भ से हटकर समझा जाता है? '

इस पर उन्होंने अपने अनुभव का उदाहरण देते हुए कहा, 'खतरों के खिलाड़ी के दौरान जब एक प्रोमो रिलीज हुआ था, तब मुझे प्रशंसकों की ओर से काफी आलोचना झेलनी पड़ी। हालांकि, जो लोग मुझे जानते थे, उन्हें पूरा भरोसा था कि मैं कभी कुछ गलत नहीं करूंगी। एपिसोड प्रसारित होने के बाद सभी को सच्चाई पता चल गई और उन्होंने मेरा समर्थन किया। दरअसल, उस व्यक्ति को शो से बाहर कर दिया गया था। अभिनेत्री ने कहा, 'प्रशंसक अपने पसंदीदा कलाकारों के प्रति बेहद भावुक होते हैं और यह एक सेलिब्रिटी होने का स्वाभाविक हिस्सा है। सोशल मीडिया के दौर में प्रतिभा और दृश्यता में कौन अधिक महत्वपूर्ण है, इस सवाल पर फातनानी ने कहा कि दोनों पूरी तरह अलग-अलग चीजें हैं। उन्होंने कहा, 'अगर कोई कलाकार प्रतिभाशाली है और अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, तो निर्देशक और निर्माता उसे भूमिका के लिए चुनेंगे। दूसरी ओर, व्यावसायिक नजरिए से यदि किसी परियोजना को दृश्यता से फायदा मिलता है, तो प्रभावशाली सोशल मीडिया हस्तियों को भी कास्ट किया जा सकता है।

# कुछ ही दिन में नौकरी से निकाली गई थीं सोनम कपूर

आगे चलकर बनीं बॉलीवुड की फैशन क्वीन

**बॉलीवुड** में अक्सर स्टार किड्स की जिंदगी को बेहद आसान माना जाता है, लेकिन कई बार चमक-दमक के पीछे ऐसी कहानियां छिपी होती हैं, जिनसे लोग अनजान होते हैं। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर आज भले ही देश की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों और फैशन आइकन में गिनी जाती हों, लेकिन उनकी जिंदगी में भी ऐसे दौर आए जब उन्हें छोटी-सी नौकरी करनी पड़ी और वह भी ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकी। सोनम कपूर का जन्म 9 जून 1985 को मुंबई के चेंबूर में हुआ था। वह अभिनेता अनिल कपूर और पूर्व मॉडल सुनीता कपूर की बड़ी बेटी हैं। फिल्मी परिवार में जन्म लेने के बावजूद सोनम का सपना शुरू से अभिनेत्री बनने का नहीं था। उन्हें लेखन और निर्देशन में ज्यादा रुचि थी। अपनी पढ़ाई के दौरान वह सिंगापुर भी गईं। इसी दौरान उन्होंने अपने खर्चों और पॉकेट मनी के लिए एक रेस्टोरेंट में वेट्रेस की नौकरी की। हालांकि यह नौकरी ज्यादा समय तक नहीं चल सकी और कुछ ही दिनों बाद उन्हें वहां से हटा दिया गया।

सोनम ने खुद कई इंटरव्यू में इस अनुभव का जिक्र किया है। फिल्मों में आने से पहले सोनम का वजन काफी ज्यादा था। एक समय उनका वजन लगभग 90 किलो तक पहुंच गया था। उन्हें पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम और हार्मोनल समस्याओं का भी सामना करना पड़ा। लेकिन उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव तब आया, जब उन्होंने निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ फिल्म 'ब्लैक' में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया। भंसाली ने ही उन्हें अभिनय में आने के लिए प्रेरित किया और वजन कम करने की सलाह दी।



# रश्मिका की मैसा में हुई तारक पोनप्पा की एंट्री



**'मैसा'** 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभर रही है, जिसमें पैन-इंडिया सनसनी रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए पहचानी जाने वाली रश्मिका ने समय-समय पर अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया है और 'मैसा' भी इससे अलग नहीं होगी। यह फिल्म उन्हें एक बेहद दमदार और साहसी अवतार में पेश करने जा रही है, जो उनके ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व को पहले से बिल्कुल अलग अंदाज में पेश कर सकती है। फिल्म को लेकर उत्साह लगातार बढ़ रहा है, इसी बीच टीम ने 'ईरा' के किरदार से परिचय कराया है, जिसे तारक पोनप्पा निभाते नजर आएंगे।


# 'वहां मैं अपना सबसे बेहतर वर्जन पाती हूं'

## ओलिविया रोड्रिगो को लंदन में मिलता है सबसे ज्यादा सुकून



अमेरिकी गायिका और गीतकार ओलिविया रोड्रिगो इन दिनों अपने नए एल्बम को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी निजी जिंदगी और नए एल्बम से जुड़ी कई दिलचस्प बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि उनके लिए लंदन एक ऐसी जगह है जहां वह खुद को अपने सबसे बेहतर रूप में पाती हैं। ओलिविया ने कहा, 'जब भी मैं लंदन में होती हूं, मुझे लगता है कि मैं खुद का सबसे बेहतर वर्जन बन जाती हूं। इस शहर का माहौल, इसकी संस्कृति और यहां का जीवन एक अलग ही एनर्जी देता है। मेरे नए एल्बम 'यू सीम प्रिटी सैड फॉर ए गर्ल सो इन लव' का बड़ा हिस्सा लंदन में लिखा गया। यह एल्बम वहां बिताए समय से प्रेरित है।'' सिंगर ने बताया, ''लंदन का मौसम भी मेरी क्रिएटिविटी को बढ़ाता है। यहां इतनी बारिश होती है कि लोग बाहर जाने के बजाय घर के अंदर बैठकर गिटार बजाते हैं और गाने लिखते हैं। मेरे साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। बारिश भरे दिनों में मुझे अपने विचारों और भावनाओं के साथ समय बिताने का मौका मिलता है, जिससे नए गीत बनते हैं।'' सिर्फ लंदन ही नहीं, बल्कि इंग्लैंड का मैनचेस्टर शहर भी उन्हें काफी प्रेरित करता है। ओलिविया ने बताया कि कुछ साल पहले उन्होंने मैनचेस्टर में भी समय बिताया था और वहां का अनुभव उनके लिए यादगार रहा। बता दें कि मैनचेस्टर दुनिया के कई मशहूर बैंड्स का घर रहा है। यहां से संगीत की दुनिया को कई ऐसे कलाकार मिले हैं, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

# चिंता को लेकर जैकी श्रॉफ ने युवाओं को दी जरूरी सलाह



जैकी श्रॉफ अपनी नई रिलीज हुई फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर पा रही है। इस बीच एक्टर ने बताया है कि आजकल की पीढ़ी कितना तनाव झेल रही है। हालांकि, उन्होंने सलाह दी कि उनको ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। अभिनेता समझदारी भरी सलाह और जिंदगी को लेकर अपने बेफिक्र नजरिए के लिए जाने जाते हैं। बी अ मैन यार पॉडकास्ट के साथ बातचीत में जैकी श्रॉफ ने इस बारे में बात की कि आज की पीढ़ी के पास चिंता करने के लिए कितनी सारी चीजें हैं।

हालांकि, एक्टर ने कहा कि जब तक किसी व्यक्ति की सेहत ठीक है, तब तक बाकी सभी तनाव बेकार हैं। उन्होंने कहा, 'तनाव नहीं लेने का बेटा। मां का प्रेशर, घर का प्रेशर, काम का प्रेशर, पढ़ाई का प्रेशर, पैसे का प्रेशर, दुनिया का प्रेशर, हेल्थ का प्रेशर नहीं लेने का।'

## आचार्य अभयदेव सूरीश्वर महाराज व आचार्य मोक्ष रत्न सूरीश्वर महाराज का उदयपुर में हुआ मंगल प्रवेश



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** तपागच्छ की उद्गम स्थली झीलों की नगरी उदयपुर में तपा गच्छाधिपति प्रवर समिति कार्यवाहक, महामांगलिक प्रदाता गच्छाधिपति आचार्य विजय अभयदेव सूरीश्वर महाराजा ( डहेला वाला ), आचार्य विजय मोक्षरत्न सूरीश्वर, गणिवर्य देवर्षिरत्न विजय महाराज आदि श्रमण श्रमणी भगवंत का गाजे बाजे और चतुर्विध संघ के साथ मंगल प्रवेश हुआ। कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया ने बताया कि यूआईटी सर्कल पर श्री संघ अध्यक्ष डॉ शैलेन्द्र हिरन, उपाध्यक्ष ताराचंद पोरवाल, कुशल मेहता, सारिका ललित मेहता, डॉ प्रीतु चेलावत, साधना बाबेल सहित अनेक श्रावक श्राविकाओं ने गुरु भगवंत को अक्षत से वधाते हुए स्वागत किया। आचार्य भगवंत का मंगल कलश और अक्षत गहुली से वधाते हुए सारिका ललित जी मेहता के निवास स्थान पर मंगल प्रवेश हुआ। आचार्य भगवंत ने मंगलकारी मांगलिक प्रदान कर सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। तत्पश्चात आचार्य भगवंत की निश्रा में माता पद्मावती का महापूजन का आयोजन हुआ। जिसे शिवगंज के विधिकारक विरल भाई ने सम्पन्न करवाया।

## अस्मिता राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में राजस्थान की बेटियों ने जीते 9 पदक



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** रायपुर में आयोजित अस्मिता जोनल राष्ट्रीय (उत्तरी जोन) कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में राजस्थान की बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 3 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 9 पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। राजस्थान कायाकिंग एवं कैनोईंग संघ के सचिव दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि शगुन कुमावत ने दो स्वर्ण पदक, जबकि कनिष्का कुमावत एवं मनस्वी सुखवाल की जोड़ी ने एक स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा विभिन्न स्पधाओं में खिलाड़ियों ने तीन रजत एवं तीन कांस्य पदक भी अपने नाम किए। संघ अध्यक्ष भगवान स्वरूप वैष्णव ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन उदयपुर स्थित फतहसागर झील प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित चयन ट्रायल के माध्यम से किया गया था। प्रतियोगिता के लिए टीम को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि 12 से 14 जून तक रायपुर में आयोजित होने वाली 36वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में भी राजस्थान के खिलाड़ी भाग लेंगे। संघ पदाधिकारियों ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी।

## वल्लभनगर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित, 500 से अधिक किसानों ने लिया भाग

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** कृषि विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र सियाखेड़ी, वल्लभनगर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें वल्लभनगर एवं मावली क्षेत्र के 500 से अधिक किसानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सांसद सी.पी. जोशी ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह वर्तमान ही नहीं बल्कि भविष्य की भी आवश्यकता है। विधायक उदयलाल डागी ने कहा कि प्राकृतिक खेती से रसायन मुक्त उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलता है तथा




स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन तथा केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान प्राकृतिक



खेती विषयक प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों, वैज्ञानिकों और किसानों की सहभागिता रही।

## राजपहल कार्यक्रम के तहत हर जिले में चलेगा स्कूल ऑन व्हील

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** शिक्षा से वंचित, घुमंतू एवं अर्द्ध-घुमंतू बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वाराजपहल कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिले में एक स्कूल ऑन व्हील संचालित करेगी। यह योजना राज्य सरकार की बजट घोषणा 2026-27 में शामिल है। शिक्षा संकुल में आयोजित बैठक में वैकल्पिक एवं औपचारिक शिक्षा प्रकोष्ठ की उपायुक्त निधि सिंह ने विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ योजना की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक में गाडिया लोहार, बंजारा तथा मजदूर वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, स्कूल रेडिनेस कैंप आयोजित करने और अधिक से अधिक बच्चों का राजकीय विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।